**Code No. : 085**

**SHANTINIKETAN INDIAN SCHOOL, DOHA – QATAR.**

**PRE-BOARD EXAMINATION : FEBRUARY - 2018**

**CLASS: X Div:** **HINDI (2L)** **Time: 3hrs.**

**Date…………….** **MAX. MARKS : 80**

**Name…………………………………** **Roll No…….**

---

निर्देश : i) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं -क ,ख ,ग और घ ।

ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए ।

खंड क

1. निम्नलिखित गद्यांश पढकर पूछे गए प्रश्नों के उतर लिखिए :-

दूसरों को स्नेह देना और उनका सम्मान करना सामाजिक सफलता का एकमात्र मंत्र है | जीवन में सुख-शांति और उन्नति पानेवाले प्रत्येक महत्वाकांक्षी को सब से पहले यह सीख धारण करनी चाहिए | महाभारत के ज्येष्ठ युधिष्ठिर के राजसूय यज्ञ में कृष्ण ने लोगों के स्वागत की ज़िम्मेदारी ली और बदले में वे उस यज्ञ के सर्वाधिक पूज्य व्यक्ति माने गए | ईसा मसीह ,गौतम बुद्ध , महावीर , महात्मा गांधी जैसे महापुरुषों में रंच मात्रभी अभिमान न था| उन्होंने सदैव दूसरों को महत्त्व दिया और इस तरह से वे स्वयं महान बन गए | मान - सम्मान का मूल्य चुकाना असंभव है | बिना मान -सम्मान के यदि अमृत भी मिले तो विष बन जाता है और मनपूर्वक दिया गया विष अमृत बन जाता है | विद्यार्थी जीवन का प्रथम पाठ यही है किं वह गुरु के प्रति सच्चे सम्मान का भाव अपने ह्रदय में पैदा करे, अन्यथा उस की सारी विद्या निष्फल हो जाएगी |

i) महत्वाकांक्षी को कौन -सी सीख ग्रहण करनी चाहिए ? 2

ii) स्वयं महान बनने केलिए क्या करना अपेक्षित है ? 2

iii) विद्या की सफलता केलिए विद्यार्थियों को क्या करना चाहिए ? 2

iv) युधिष्ठिर का उदहारण क्यों दिया गया है ? 2

v) उपर्युक्त गद्यांश का एक उचित शीर्षक दीजिए 1

2. निम्नलिखित पद्यांश को  ध्यानपूर्वक पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

वह आता
दो टूक कलेजे से करता ,पछताता
पथ पर आता
पेट पीठ दोनों मिलकर है एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्टी-भर दाने को -भूख  मिटने को,
मुंह फटी पुरानी झोली का फैलाता-
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता |
साथ  दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए ,
बाएं से वे मलते हुए पेट को चलते,
और दाहिना दया- दृष्टि पाने की ओर बढाए |

भूख से सूख ओठ  जब जाते
दाता-भाग्य -विधाता से क्या पाते ?
घूँट आंसुओ के पीकर रह जाते |
चाट रहे जूठी पत्तल वे सभी सडक पर खड़े हुए,
और झपट लेने को उनसे कुत्ते भी हैं अड़े हुए |

i) आदमी की दीन-हीन दशा का ज्ञान किस कथन से हो रहा है ? 2

ii) माँगते हुए व्यक्ति के साथ के बच्चे आंसुओ के घूट पीकर क्यों रह जाते हैं? 2

iii) प्रस्तुत कविता में किस का चित्रण हुआ है ? 2

खंड ख

खंड ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

3. क) शब्द और पद में क्या अंतर है ? सोदाहरण लिखिए I 2

ख) निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण कीजिए :- 3

i ) सदाचारी लोग सबका आदर पाते हैं I ( मिश्र वाक्य में )

ii ) आप अंदर बैठ जाएँ और देर तक बात करें I  ( सरल वाक्य में )

iii) अध्यापिका के  समझाने  पर सब बच्चे तैयार हो गए  I ( संयुक्त वाक्य में )

4 क) निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए:- 2

. (i) चार भुजाओं का समूह ( ii) नीला है जिसका कंठ

ख) समास विग्रह करके भेद लिखिए :-

(i) जलप्रवाह (ii) नीलगगन 2

5 क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :- 4

i ) बच्चों ने काम कर सके ।

. ii ) मेरे को थोडा पानी चाहिए ।

iii) माँ बच्चे को दूध पिलाया ।

iv) हम ने कहा था आपसे ।

. ख) निम्नलिखित वाक्यों की पूर्ति उपयुक्त मुहावरों से कीजिए :-

i) सभी राजपूत ------------------- बाँधकर अलाउदीन खिलजी का सामना करने निकल पड़े । 1

ii) 'पापड़ बेलना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । 1

6 खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

i ) लेखक के अनुसार सत्य केवल वर्त्तमान है ,उसी में जीना चाहिए । लेखक ने ऐसा क्यों कहा होगा ? अपना विचार स्पष्ट कीजिए । 2

ii ) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा ? ' अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होनेवाले ' पाठ के आधार पर लिखिए । 2

iii) तातांरा को शाम की प्रतीक्षा क्यों थी ? 1

7 वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था ,कैसे ? स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर बड़े भाई साहब के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

8 i ) रवींद्रनाथ टैगोर किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है ? 2

ii ) मनुष्य मात्र बंधु है से आप क्या समझते हैं ? 2

iii) मीराबाई किसकी चाकरी करने को तैयार है ? 1

9 शासक सत्तारूढ़ होने पर किस प्रकार निर्ममता का व्यवहार करते हैं और सत्ता से उतरने पर उनका क्या हश्र होता है ? तोप कविता के आधार पर लिखिए । 5

अथवा

'कर चले हम फ़िदा' गीत  में गीतकार ने  नवयुवकों केलिए क्या संदेश दिया है ?

10 मित्रता और आत्मीयता जाति व भाषा के बंधनों के परे  होते हैं टोपी शुक्ला पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए । 5

अथवा

' सपनों के से दिन ' पाठ में वर्णित ओमा जैसे बालकों में सुधार केलिए पहले शारीरिक दंड का प्रचलन था किंतु आजकल कौनसी युक्तियाँ अपनाई जा रही है ? क्या ये युक्तियाँ जीवन मूल्यों के विकास में अपना योगदान दे रही हैं ? विचार करके लिखिए ।

11 . खंड घ 5

( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 -100 शब्दों में  अनुच्छेद लिखिए |

(क ) युवा पीढी के  कर्तव्य

* युवा : देश का भविष्य
* युवाओं के कर्तव्य
* निष्कर्ष

अथवा

ख ) प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग

* प्राकृतिक संसाधनो का अर्थ व प्रकार
* प्राकृतिक संसाधन सीमित
* इनके दुरूपयोग से हानि

अथवा

ग ) पश्चिमी सभ्यता का बढ़ता प्रभाव

* प्राचीन काल से संबंध
* पश्चिमी सभ्यता का  प्रभाव
* पश्चिमी सभ्यता पर रोक

12 प्रधानाचार्य को  पत्र लिखिए , जिसमें अपनी आर्थिक स्थिति का संक्षिप्त विवरण देते हुए शुल्क माफ करने केलिए प्रार्थना की गई हो | 5

अथवा

डाक वितरण में होनेवाली अनियमितता की सूचना देते हुए पोस्टमास्टर को पात्र लिखकर समुचित व्यवस्था करने का अनुरोध कीजिए ।

13 बस अड्डे पर खोये गए अपने सामान का विवरण देते हुए लागभग 25-30 शब्दों में एक सूचना पत्र लिखिए । 5

अथवा

आप अपने इलाके के गरीब बच्चों को प्रत्येक शनिवार और गुरूवार निशुल्क पढाना चाहते हैं । इससे संबंधित सूचना लागभग 25-30 शब्दों में जारी कीजिए ।

14 रोगी की सेवा सबसे बडी सेवा है - इस विषय पर माँ और बेटे के बीच हुई बातचीत को लगभग 50 शब्दों में लिखिए | 5

अथवा

दो विद्यार्थियों द्वारा अपनी अध्यापिका के मृदु व्यवहार पर की गई बातों को संवाद के रूप में लगभग 50 शब्दों में लिखिए ।

15 पहाडी क्षेत्र में बनाए अपने होटल केलिए लगभग 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए । 5

अथवा

गाड़ियों केलिए अच्छे और टिकाऊ टायरों केलिए लगभग 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए ।

*   *   *